# लक्ष्य तय करो, मेहनत करो, सफलता खुद रास्ता बनाएगी : सिंधिया

## किया मेधावियों का सम्मान, बताए सफलता के मंत्र



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 27 अप्रैल।** प्रतिभा और परिश्रम के संगम को सम्मानित करते हुए केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने टूरिस्ट विलेज होटल में आयोजित कार्यक्रम में जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी और यूपीएससी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और शील्ड प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव, अभिभावक, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में श्री सिंधिया ने छात्रों से सीधा संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया और सफलता के मूलमंत्र साझा किए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष जिले का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है, जो विद्यार्थियों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि पढ़ाई के साथ संतुलन बनाए रखना जरूरी है और समय-समय पर छोटा ब्रेक भी सफलता की यात्रा का हिस्सा होता है।

उन्होंने विद्यार्थियों को स्पष्ट संदेश दिया कि लक्ष्य जितना जल्दी तय होगा, सफलता उतनी ही सुनिश्चित होगी। चिंता मुक्त होकर पढ़ाई करें, मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता, उन्होंने कहा। साथ ही छात्रों से देश के प्रति जिम्मेदारी समझने और अपने ज्ञान का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करने का आह्वान भी किया।

मेधावी विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए करियर से जुड़े सवाल पूछे, जिनका सिंधिया ने सरल और प्रेरक तरीके से जवाब दिया। उन्होंने छात्रों की प्रतिभा को पहचानते हुए कहा कि हर विद्यार्थी में कुछ खास होता है, जरूरत है उसे सही दिशा में उपयोग करने की।

### भीषण गर्मी के चलते कक्षा 1 से 8 तक का 30 अप्रैल तक अवकाश

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने शिवपुरी जिले में अत्यधिक गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन किया है। छात्रों की सुविधा एवं स्वास्थ्य और आवागमन को ध्यान में रखकर जिले में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों (एमपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई, केन्द्रीय विद्यालय एवं अन्य मान्यता प्राप्त स्कूलों) में प्री-प्राइमरी से कक्षा 8वीं तक की कक्षाओं का दिनांक 30 अप्रैल 2026 तक अवकाश घोषित किया गया है, जबकि कक्षा 9वीं से 12वीं तक की कक्षाएं पूर्व की तरह प्रात: 7:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित की जाएंगी। जारी निर्देशानुसार शिक्षक यथावत अपने कार्य संपादित करेंगे तथा पूर्व निर्धारित परीक्षाएं एवं अन्य आवश्यक कार्यक्रम निर्धारित समय-सारणी के अनुसार आयोजित होंगे।

## ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा गिरोह का पर्दाफाश

**भोपाल, 27 अप्रैल।** राजधानी में भोपाल देहात पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच शातिर सटोरियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छह मोबाइल फोन जब्त किए हैं और लाखों रुपये के डिजिटल लेन-देन का खुलासा हुआ है.पुलिस के अनुसार आरोपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सट्टा आईडी बनाकर लोगों को जोड़ते थे और उनसे पैसे लेकर क्रिकेट मैचों पर दांव लगवाते थे.

इस अवैध कारोबार के जरिए आरोपी कमीशन कमाते थे. जांच में विभिन्न आईडी में लाखों रुपये का बैलेंस और लेन-देन दर्ज पाया गया है. कार्रवाई के दौरान आरोपियों के पास से 17 हजार 615 रुपये नकद बरामद किए गए हैं. कुल जब्ती 1 लाख 37 हजार 615 रुपये आंकी गई है. यह अवैध कारोबार कपड़ों की दुकान की आड़ में संचालित किया जा रहा था. पुलिस ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है और पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है.




## सिंधिया ने 3 दिन में 3000 लोगों से जुड़कर दिए विकास के नए संकेत

**शिवपुरी, 27 अप्रैल।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के शिवपुरी प्रवास के अंतिम दिन जनसेवा, युवा सशक्तिकरण और शिक्षा विकास का प्रभावी संगम देखने को मिला। तीन दिवसीय दौरे में उन्होंने 3000 से अधिक नागरिकों से सीधा संवाद कर न केवल समस्याएं सुनीं, बल्कि जिले को करीब 200 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की सौगात भी दी।

कोटा क्षेत्र में आयोजित जनसुनवाई में अकेले 782 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष प्रकरणों के लिए अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। टोकन सिस्टम और ऑनलाइन ट्रैकिंग व्यवस्था ने पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और जवाबदेह बनाया। आयुष्मान, बीपीएल, लाड़ली बहना और पीएम आवास जैसे मामलों पर विशेष फोकस रहा। उल्लेखनीय है कि लुकवासा, भोंती और कोटा में लगे शिविरों ने आमजन को सीधे शासन से जोड़ने का मंच दिया। सुबह टूरिस्ट विलेज में मेधावी विद्यार्थियों से संवाद करते हुए सिंधिया ने उन्हें लक्ष्य निर्धारण और निरंतर मेहनत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता और छात्रों से देश निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। वहीं, यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी आरजीपीव्ही में छात्रों से संवाद करते हुए उन्होंने संस्थान को टॉप नॉच बनाने की दिशा में छात्र परिषद और मजबूत एलुमनी नेटवर्क की जरूरत पर जोर दिया। साथ ही प्रस्तावित 2500 करोड़ के डिफेंस यूनिट से इंजीनियरिंग छात्रों को मिलने वाले अवसरों को भी रेखांकित किया। श्री सिंधिया ने अपने प्रवास के दौरान सड़क, पंचायत भवन, स्कूल और अन्य आधारभूत ढांचे के लिए करीब 200 करोड़ के विकास कार्यों की नींव रखी। उनका यह दौरा जनसंवाद के जरिए विकास को जमीन तक पहुंचाने की रणनीति का स्पष्ट संकेत देता है। प्रवास के बाद वे ग्वालियर रवाना हुए, जहां वेस्टर्न बायपास परियोजना का निरीक्षण करेंगे।

## पाल बघेल समाज का जिलास्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 10 मई को

### कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड के 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का किया जायगा सम्मान




**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 27 अप्रैल।** पाल बघेल धनगर समाज द्वारा इस वर्ष माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल की बोर्ड परीक्षाओं में कक्षा 10वीं एवम 12वीं बोर्ड परीक्षा में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले शिवपुरी जिले के छात्र छात्राओं को 10 मई 2026 को आयोजित प्रतिभा सम्मान सामरोह में समान्रित किया जायगा।

कार्यक्रम संयोजक पाल समाज के प्रदेश अद्यक्ष भारतीय जनता पार्टी शिवपुरी के जिला उपाध्यक्ष इंजी. गोपाल सिंह पाल ने बताया कि प्रतिभा सम्मान हेतु पात्र छात्र छात्राएँ अपनी अंकसूची और एक फ़ोटो 2 मई तक आवश्यक रूप से जमा कराएं।

दस्तावेज जमा करने हेतु पात्र अभ्यर्थी अपने दस्तावेज नेपाल कंप्यूटर कोर्ट रोड शिवपुरी, अध्ययन लायब्रेरी शांति नगर शिवपुरी, माय मोबाइल पुराना बस स्टैंड शिवपुरी, अमेजिंग कंप्यूटर अस्पताल चौराहा पर जाकर जमा करा सकते हैं। कार्यक्रम में शासकीय सेवा में नव चयनित समाज के युवाओं को भी समान्रित किया जाएगा।

# बस ऑपरेटर पर फायरिंग, सरपंच पति सहित 15 पर केस

## पूर्व मंत्री के भतीजे संग किया हमला, गोली हाथ छूकर निकली, टेरर टैक्स मांगने का आरोप



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 27 अप्रैल।** शिवपुरी में हथियारों से लैस बदमाशों ने एक बस संचालक के घर पर हमला कर दिया। वारदात कोतवाली क्षेत्र के सिंहनिवास गांव में रविवार रात करीब 10:30 बजे हुई। बदमाशों ने टेरर टैक्स और पुरानी रंजिश के चलते इस घटना को अंजाम दिया। सरपंच पति और पूर्व मंत्री के भतीजे समेत अन्य आरोपियों ने घर में घुसकर ताबड़तोड़ फायरिंग की। हमले में बस संचालक जय सिंह बाल-बाल बच गए। गोली उनके बाएं हाथ को छूकर निकल गई। पुलिस ने 12 नामजद और 3 अज्ञात लोगों पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया है। सरपंच पति का नाम प्रभात रावत और पूर्व मंत्री के भतीजे का नाम रोहित धाकड़ है। कुछ आरोपियों को हिरासत में भी ले लिया गया है।

फरियादी जय सिंह ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले प्रभात, प्रमोद और प्रगट रावत से 2017 से विवाद चल रहा है। रविवार रात तीनों भाई अपने साथियों के साथ 315 बोर की बंदूक, पिस्टल, देशी कट्टा, कुल्हाड़ी और लोहे की रॉड लेकर जबरन घर में घुस आए। प्रमोद ने 315 बोर की बंदूक से फायर किया, जो हाथ को छूकर निकला। वहीं प्रभात ने पिस्टल से दो फायर किए। इसके बाद आरोपियों ने घर में मौजूद दीवान सिंह, मजबूत सिंह और अरविंद के साथ लाठियों से मारपीट कर दरवाजे तोड़ दिए। डायल 112 का सायरन बजते ही हमलावर भाग निकले। जय सिंह के अनुसार, आरोपियों ने एक गैंग बना ली है जो इलाके में टेरर टैक्स मांगती है। उन पर भी पैसे देने का दबाव था, जिसे नकारने पर यह जानलेवा हमला किया गया। इससे पहले 2017 में भी इन्हीं तीनों भाइयों ने परिवार पर फायरिंग की थी, तब जय सिंह की आंख में छर्रे लगे थे। गैंग का प्रमुख आरोपी सरपंच पति प्रभात रावत इससे पहले 7 दिसंबर को पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह को फोन पर हाथ-पैर तोड़ने और जान से मारने की धमकी दे चुका है।

इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर उसे जेल भेजा था। वह हाल ही में जेल से छूटकर वापस आया है और बाहर आते ही भाइयों व साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने पूर्व पीडब्ल्यूडी राज्य मंत्री सुरेश राठखेड़ा के भतीजे रोहित धाकड़, सरपंच पति प्रभात रावत, प्रमोद रावत, प्रगट रावत, दुष्यन्त धाकड़, दीपक रावत, राजकुमार रावत, पवन रावत, छोटू उर्फ अरुण रावत, रवि जाट, आदित्य उपाध्याय और अंकेश दीक्षित को नामजद किया है। इन सभी के साथ 3 अज्ञात लोगों पर हत्या के प्रयास, गंभीर मारपीट, हथियारों के साथ दंगा और धमकी की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

## नगरीय क्षेत्रों में जर्जर एवं खतरनाक भवनों पर होगी सख्त कार्रवाई

**शिवपुरी, 27 अप्रैल।** नगरीय क्षेत्रों में स्थित पुराने, जर्जर एवं खतरनाक भवनों के कारण जन-धन की हानि की संभावना को देखते हुए इनके चिन्हांकन एवं आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण ने बताया कि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु निकाय सीमा अंतर्गत सभी वार्डों में जर्जर, पुराने एवं खतरनाक भवनों का तत्काल भौतिक सर्वेक्षण कराया जाएगा। सर्वेक्षण के आधार पर भवनों को आंशिक जर्जर अथवा पूर्णत: खतरनाक श्रेणी में चिन्हित कर सूची तैयार की जाएगी। नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 एवं नगर पालिका अधिनियम 1961 की सुसंगत धाराओं के तहत संबंधित भवन स्वामियों को नोटिस जारी किए जाएंगे। नोटिस में भवन के खतरनाक हिस्से को सुधारने अथवा हटाने के निर्देश दिए जाएंगे। अत्यंत खतरनाक एवं रहने योग्य न रह गए भवनों को तत्काल खाली कराया जाएगा, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि को रोका जा सके। यदि भवन स्वामी द्वारा निर्देशों का पालन नहीं किया जाता है, तो जनहित में नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। जर्जर घोषित भवनों के बाहर स्पष्ट रूप से खतरनाक भवन की सूचना अथवा लाल झंडी प्रदर्शित की जाएगी।

# केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग को लेकर केंद्रीय संचार मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**बदरवास, 27 अप्रैल।** बदरवास में केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग को लेकर गत दिवस बदरवास आए केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को बदरवास सेवा मित्र मंडल ने ज्ञापन सौंपकर केंद्रीय विद्यालय की सौगात बदरवास को देने की मांग रखी।

बदरवास सेवा मित्र मंडल द्वारा केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री को सौंपे ज्ञापन में बताया गया है कि बदरवास नगर शिवपुरी और गुना दोनों जिला मुख्यालयों से पचास पचास किलोमीटर दूरी पर है। इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु केंद्रीय विद्यालय की आवश्यकता है। बदरवास में बड़ी संख्या में केंद्र सहित राज्य शासन के कर्मचारी निवास करते हैं साथ ही ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र के बच्चों को केंद्रीय विद्यालय की सुविधा आवश्यक है। बदरवास में नए केंद्रीय विद्यालय के निर्माण हेतु जगह भी उपलब्ध है और भवन निर्माण होने तक विद्यालय के अस्थाई संचालन हेतु शासकीय भवन भी उपलब्ध हैं।

ज्ञापन में प्रमुखता से मांग रखी गई है कि केंद्रीय संचार मंत्री जी द्वारा विधानसभा क्षेत्र के लिए जो केंद्रीय विद्यालय स्वीकृत करवाया है उसे बदरवास नगर में खोला जाए जिससे क्षेत्रीय विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। गौरतलब है कि पूर्व में भी बदरवास सेवा मित्र मंडल की मांग पर केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा बदरवास में केंद्रीय विद्यालय खोलने हेतु केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखा था।

# आदिगुरु शंकराचार्य के चिंतन से मिलती है आध्यात्मिक प्रेरणा : डॉ . दुबे



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 27 अप्रैल।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, जिला शिवपुरी द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य जयंती के अवसर पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, शिवपुरी में जिला स्तरीय व्याख्यानमाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. गिरीश दुबे (मुख्य सेवक, बांकड़े सरकार हनुमान मंदिर) एवं मुख्य वक्ता डॉ. तरुण शर्मा (पूर्व संचालक एवं वित्त सलाहकार, कोटिल्य एकेडमी) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि संत हरि हर्षानंद महाराज (ऋषिकेश-हरिद्वार), सुशील बरुआ (संभाग समन्वयक, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, ग्वालियर) एवं संयोजक डॉ. रीना शर्मा (जिला समन्वयक, शिवपुरी) भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ।

डॉ. गिरीश दुबे ने कहा कि भगवान राम, भगवान कृष्ण, आचार्य चाणक्य और आदि गुरु शंकराचार्य जैसे महापुरुषों ने भारत की सांस्कृतिक एकता को मजबूत किया। डॉ. तरुण शर्मा ने बताया कि आदि शंकराचार्य ने 1200 वर्ष पूर्व केरल से पूरे देश की पदयात्रा कर धर्म और ज्ञान का प्रसार किया। संत हरि हर्षानंद महाराज ने उनके विचारों को आज भी प्रासंगिक बताया, जबकि सुशील बरुआ ने उनके योगदान को भारत की एकता का आधार बताया। कार्यक्रम का संचालन महेश परिहार (विकासखंड समन्वयक, नरवर) एवं आभार प्रदर्शन शिशुपाल सिंह जादौन (विकासखंड समन्वयक, शिवपुरी) ने किया। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




## जेल में नशा मुक्ति शिविर आयोजित, बंदियों को दिया जागरूकता का संदेश

**नवभारत न्यूज**

**पोहरी, 27 अप्रैल।** पोहरी में जेलर के मार्गदर्शन में सोमवार को पोहरी जेल प्रांगण में नशा मुक्ति शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सामुदायिक स्तर पर कार्यरत विकास संवाद समिति के अजय यादव के सहयोग तथा विधिक सहायता के तहत पीएलवी आकाश श्रीवास्तव की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

शिविर के दौरान जेल में बंद कैदियों को नशे के घातक दुष्परिणामों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि शराब, ड्रग्स, गांजा, ब्राउन शुगर, तंबाकू, सिगरेट और गुटखा जैसे नशीले पदार्थ न केवल शरीर को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि व्यक्ति के परिवार और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करते हैं। बंदियों को इनसे दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

नशा मुक्ति अभियान के तहत उपस्थित बंदियों को समझाइश दी गई कि वे अपराध और नशे की दुनिया से दूर रहकर समाज की मुख्यधारा में लौटें। उन्हें यह भी बताया गया कि रिहाई के बाद एक नई शुरुआत कर वे सम्मानजनक जीवन जी सकते हैं और दोबारा जेल आने की नौबत से बच सकते हैं।

कार्यक्रम के अंत में विकास संवाद समिति द्वारा बंदियों के लिए स्वल्पाहार वितरित किया गया। शिविर ने बंदियों में सकारात्मक सोच विकसित करने और नशामुक्त जीवन की दिशा में प्रेरित करने का संदेश दिया।

## सैनिक स्कूल का शुभारंभ

**मुरैना, 27 अप्रैल।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिला मुख्यालय स्थित टीएसएस इंटरनेशनल स्कूल परिसर में करार के आधार पर नए सैनिक स्कूल का शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि जितेंद्र कुमार माहेश्वरी ने कहा कि अब मुरैना के छात्र सेना में शीर्ष पदों तक पहुंच सकेंगे.उन्होंने कहा कि चंबल की वीर भूमि मुरैना से बड़ी संख्या में युवा सेना में भर्ती होते रहे हैं, लेकिन अब तक अधिकांश लोग सूबेदार और मेजर पद तक ही पहुंच पाते थे. सैनिक स्कूल के प्रारंभ होने से यहां के छात्रों के लिए उच्च सैन्य पदों तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त होगा.

मुख्य अतिथि ने कहा कि वर्तमान में उपेंद्र द्विवेदी और दिनेश कुमार त्रिपाठी जैसे शीर्ष सैन्य अधिकारी मध्यप्रदेश के सैनिक स्कूल से शिक्षित हैं, जो प्रदेश के लिए गौरव की बात है. कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के डॉ. चंद्रपाल सिंह सिकरवार ऑडिटोरियम में किया गया. इस दौरान विशेष सत्र एवं जिला न्यायाधीश हितेंद्र द्विवेदी और रमेश सिंह सिकरवार सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे. कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया. और विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं. मुख्य अतिथि ने शिलान्यास पट्टिका का लोकार्पण कर सैनिक स्कूल का विधिवत शुभारंभ किया. अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि 1972 के बाद से मुरैना में सैनिक स्कूल की मांग की जा रही थी, जो अब पूरी हुई है.

# तपिश के बीच मौसम का यू-टर्न

**खजुराहो प्रदेश का सबसे गर्म शहर**

**22 जिलों में लू में अलर्ट जारी**

**28 को बारिश की आशंका**



**भोपाल, 27 अप्रैल. मध्यप्रदेश में भीषण गर्मी के बीच मौसम ने अचानक करवट बदल ली है. राजधानी समेत कई शहरों मे कुछ समय के लिए बारिश हुई और उसके बाद फिर से उमस शुरू हो गई है . अगले तीन दिन गरज-चमक के साथ बारिश के आसार हैं, लेकिन गर्मी का असर अभी बना रहेगा.**

रविवार को कई शहरों तेज बारिश हुई, जबकि भोपाल के कई इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई. सीहोर और रतलाम में भी अच्छी बारिश से लोगों को तपती गर्मी से राहत मिली, लेकिन यह राहत पूरे प्रदेश में एक जैसी नहीं है. एक तरफ जहां कुछ इलाकों में बादल और बारिश सक्रिय हैं, वहीं दूसरी ओर 22 जिलों में लू का अलर्ट जारी है. ग्वालियर, भिंड, दतिया, पन्ना, सतना, रायसेन, नर्मदापुरम, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, धार और अलीराजपुर सहित कई जिलों में गर्म हवाएं लोगों को परेशान कर रही हैं.

गर्मी के प्रकोप को देखते हुए कई जिलों में स्कूलों के समय में बदलाव और छुट्टियां घोषित की गई हैं. भोपाल में 8वीं तक छुट्टी की घोषणा की गई है .27 अप्रैल से अगले तीन दिन प्रदेश में आंधी-गरज के साथ बारिश का दौर जारी रह सकता है.

## अमृत भारत एक्सप्रेस का होगा शुभारंभ, यात्रियों को मिलेगा सुविधा का लाभ



**भोपाल, 27 अप्रैल.** यात्रियों की सुविधा एवं बेहतर रेल संपर्क उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बनारस-हडपसर अमृत भारत एक्सप्रेस के उद्घाटन विशेष फेरे का संचालन किया जा रहा है. गाड़ी संख्या 02531 बनारस-हडपसर उद्घाटन स्पेशल का शुभारंभ 28 अप्रैल 2026 को बनारस से शाम 16:45 बजे किया जाएगा. यह विशेष गाड़ी अत्याधुनिक अमृत भारत रेक (22 कोच) के साथ संचालित होगी. यह उद्घाटन विशेष ट्रेन पश्चिम मध्य रेलवे के बीना, रानी कमलापति, नर्मदापुरम, इटारसी एवं हरदा स्टेशनों से होकर संचालित होगी, जिससे भोपाल मंडल के यात्रियों को बेहतर एवं सुविधाजनक यात्रा विकल्प उपलब्ध होगा. इसके पश्चात ट्रेन खंडवा, भुसावल, जलगांव, मनमाड, कोपरगांव, अहिल्यानगर, दौंड कॉर्ड लाइन होते हुए अगले दिन 00:55 बजे हडपसर पहुंचेगी. रेल प्रशासन द्वारा बताया गया है कि इस उद्घाटन विशेष ट्रेन के नियमित संचालन की सूचना पृथक से जारी की जाएगी. यह सेवा यात्रियों को तेज, आरामदायक एवं आधुनिक यात्रा का विकल्प प्रदान करेगी.

## चाकू मारकर हत्या, परिजनों ने किया शव रखकर चक्का जाम

**जबलपुर, 27 अप्रैल।** बरगी से लगे घुंसौर में कार हटाने को लेकर उपजे विवाद पर बदमाशों ने गोवर्धन की चाकू मारकर हत्या कर दी. इस घटना से गुस्साए परिजन और ग्रामीणों ने रविवार दोपहर लखनादौन-मंडला मार्ग पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं. पुलिस के अनुसार गोवर्धन यादव देर रात बरोदा गांव के पास तिगड्डे से गुजर रहा था तो उसने देखा कि कुछ लोग अपनी कार बीच सड़क पर खड़ी कर शराब पी रहे थे. जब गोवर्धन ने उन्हें कार हटाने के लिए कहा, तो वे गाली-गलौज करने लगे. देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने गोवर्धन पर चाकू से हमला कर दिया. हमले से घायल गोवर्धन को तुरंत लखनादौन के सिविल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन जख्म इतने गहरे थे कि डॉक्टर ने उसे बचा नहीं पाए. घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए. आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आज दोपहर करीब 12.30 बजे हरई ग्राम के पास ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दी. प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब तक कातिल पकड़े नहीं जाते, वे वहां से नहीं हटेंगे.